हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024













Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com


# अंजलि को राहत, जनपद अध्यक्ष पद से हटाने का आदेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

नवागढ़ जनपद पंचायत की अध्यक्ष रही अंजली मार्कण्डेय को धारा 40 के तहत हटाये जाने वाले बेमेतरा कलेक्टर के आदेश को दुर्ग आयुक्त ने निरस्त कर दिया है। इस प्रकरण में बेमेतरा कलेक्टर को अध्यक्ष अंजली के पक्ष को सुनने के बाद विधि अनुकूल आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। दरअसल जनपद सदस्यों द्वारा अंजली मार्कण्डेय पर सरकारी राशि का दुरुपयोग की शिकायत की गई थी।इस पर कलेक्टर द्वारा जांच टीम का गठन भी किया गया और उन्हें छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 40 (1) के तहत जनपद पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कलेक्टर के आदेश के खिलाफ आयुक्त दुर्ग संभाग के समक्ष अंजली मार्कण्डेय ने अपील की। इस पर दुर्ग आयुक्त कोर्ट ने माना कि अंजली मार्कण्डेय को जनपद सदस्यों की शिकायत पर कारण बताओ नोटिस तो जारी किया गया, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया। बेमेतरा कलेक्टर कोर्ट में तत्कालीन अध्यक्ष अंजली का पक्ष सुने बिना ही 23 मार्च को उन्हें पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया गया। इसे आयुक्त कोर्ट ने विधिक त्रुटि मानते हुए बेमेतरा कलेक्टर के आदेश को निरस्त कर दिया है। मामले में अधिवक्ता शैलेन्द्र बाजपेयी हाई कोर्ट बिलासपुर ने अंजली मार्कण्डेय की ओर से पैरवी की है।

## दुर्ग आयुक्त ने निरस्त किया बेमेतरा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश

### सत्य की जीत होगी

भाजपा शासनकाल में महिला जनप्रतिनिधियों के प्रति भाजपा की दमनकारी नीति के कारण भय का माहौल बनाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सत्ता के आदेश पर षडयंत्रपूर्वक फेसाया जा रहा है। कुछ दलाल लोग जो दोनों दलों की राजनीतिक रोटी सेंकते हैं, वो सक्रिय हैं। सबको करारा जवाब मिला है। अंततः सत्य की जीत होगी, बुरी नजर वालों का मुंह काला होगा।
**अंजली मार्कण्डेय** तत्कालीन अध्यक्ष, जनपद पंचायत नवागढ़।




### उपचुनाव की हो गई थी तैयारी, हाई कोर्ट से मिला स्टे

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बेमेतरा ने जनपद पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष के लिए 27 मई को उपचुनाव कराने का पत्र तक जारी कर दिया है। इस पर बिलासपुर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। अंजली मार्कण्डेय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर स्टे ऑर्डर मिला था। चूंकि मामला आयुक्त दुर्ग संभाग के समक्ष लंबित था। उच्च न्यायालय ने 09 मई को आयुक्त दुर्ग डिवीजन 30 दिनों की अवधि के भीतर उपरोक्त मामले की कार्यवाही समाप्त करने का निर्देश दिया था। मामला लंबित होने के बावजूद उपचुनाव ज्ञापन जारी कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### 16 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध

**बालोद।** जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि हेतु राज्य में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02 के तहत क्लोज सीजन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर 01 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत पात्र खिलाड़ी राज्य खेल अंकरण पुरस्कार वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के लिए 30 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों को अलग–अलग वर्षों के लिए अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### अवैध प्लॉटिंग की शिकायत पर की जाती है कार्रवाई : गजेंद्र

**बालोद।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम झलमला स्थित राईस मिल के पीछे की भूमि कृषि भूमि नहीं है। अवैध प्लॉटिंग की शिकायत मिलने पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाती है। नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र ने बताया कि राजस्व अभिलेख अनुसार उक्त भूमि आवासीय प्रयोजन के लिए व्यपवर्तित भूमि है। जिसका उनके द्वारा नकल जारी नहीं किया गया है एवं न ही एसडीएम शीतल बंसल ने उन्हें नकल जारी करने के लिए कहा है। नकल देने का कार्य उनके अधिकार में नहीं है। इसी प्रकार राजस्व निरीक्षक झलमला संध्या वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा उक्त जमीन की नकल देने के संबंध में किसी प्रकार का वक्तव्य नहीं दिया गया है।

विडंबना : पिरदा-बोरसी स्थित बारूद फैक्ट्री में विस्फोट के बाद ग्रामीणों में संशय

# बोरिया स्थित फैक्ट्री की गतिविधियां संदिग्ध सरपंच-सचिव भी नहीं जानते क्या काम होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बोरिया से एक बड़ी गम्भीर बात सामने आ रही है, जहाँ पंचायत क्षेत्र में दशकों से एक कैमिकल फैक्ट्री संचालित है, लेकिन इसके सम्बन्ध में गाँव के आमलोगों सहित क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अफसरों तक को कोई खबर नहीं है। चूंकि यह फैक्ट्री का मामला सुरक्षा से सम्बन्धित है, तो यह स्वयं बहुत ही गम्भीर व संवेदनशील हो जाता है। बताया जा रहा है कि इस फैक्टरी में विगत दशकों से विभिन्न मापदण्डों को दरकिनार कर संदिग्ध गतिविधियों के साथ निरन्तर कार्य किया जा रहा है। फिर भी क्षेत्र से जुड़े किसी भी जिम्मेदार पक्ष को कोई सरोकार नहीं है। जबकि हाल के दिनों में बेरला के पिरदा-बोरसी में बारूद विस्फोट की घटना घटित हो चुकी है, इसके बावजूद स्थानीय सरपँच-सचिव से लेकर जनप्रतिनिधि व ऑफिसर सबक नहीं ले रहे हैं, जो भविष्य में एक छोटी सी सुरक्षा सम्बन्धित लापरवाही किसी गम्भीर हादसे की वजह बन सकती है। मिली जानकारी के अनुसार बेरला जनपद पंचायत अंतर्गत बोरिया ग्राम पंचायत के भूखण्ड में दशकों से कैमिकल फैक्ट्री संचालित है, जहां पर स्थानीय क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति के अंदर प्रवेश पर सख्त प्रतिबन्ध है। वहीं, इस फैक्ट्री में होने वाले कार्य एवं अन्य जानकारियां स्थानीय सरपँच-सचिव सहित ग्रामीणों को भी नहीं है।

फिलहाल ताज़ा रिपोर्ट पर गौर करें तो इस कैमिकल फैक्ट्री में विभिन्न मानक मापदण्डों व सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। जहाँ पर फैक्ट्री के दरवाजे पर मज़दूरों के आने-जाने के बाद हमेशा ताला लगा रहता है। वहीं, बताया जा रहा है कि यहां आसपास के गाँवों के श्रमिक नहीं हैं, बल्कि अन्य जिलों से मज़दूर लाकर काम करवाया जाता है।

## फैक्ट्री में बोरिया सहित आसपास के भी मजदूरों से नहीं लिया जाता काम, सभी दूसरे जिलों के




## फैक्ट्री में सतत निगरानी जारी विशेष पदार्थ की निरन्तर आमद

जानकारी के मुताबिक इस कैमिकल फैक्ट्री में फिलहाल कथित रूप से कोई विशेष संवेदनशील पदार्थ को बाहर से लाकर अंदर प्लास्टिक सीट से बने तालाबनुमा कन्टेनर पर स्टोर किया जाता है। फिर कैमिकल प्रोसेस से कुछ तैयार किया जाता है, जिसे फिर गुप्तरूप से बाहर सप्लाई की जाती है। वहीं, इसे ग्रामीण लोग स्थानीय स्तर पर विशेष मिट्टी बताते हैं, तो कोई ग्रामीण इसे विस्फोटक सामग्री बताते हैं। जबकि असलियत में इसकी स्पष्ट जानकारी किसी को भी नहीं है। वहीं, इस सम्बंध में फैक्ट्री के पूर्व कर्मचारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अर्ध्ददशक पूर्व जहां पर पदस्थ था, वहां पर प्लांटेशन का कार्य होता रहता था। मगर ऐसी कोई कार्य की जानकारी नहीं रही। इसका डीटेल फैक्टरी वाले ही देंगे कहकर फोन काट दिया। इससे सवाल और गहरा गया क्योंकि देखा जाए तो फैक्ट्री कैमिकल नाम से लायसेंसी व पंजीकृत है, तो यहां वृक्षारोपण का कार्य होना सवाल खड़ा कर देता है।

### किसी को कुछ नहीं मालूम

हमारे गाँव में दशकभर से कैमिकल फैक्ट्री स्थित है। फैक्ट्री में हमारे गाँव का कोई मज़दूर नहीं है। वहीं इसकी जानकारी पूछने पर कुछ नहीं बताया जाता है। इसलिए हमारे साथ ग्रामीणों को भी फैक्ट्री के संबंध में कुछ भी मालूम नहीं है।

**- द्वारका पाल**
सरपँच, ग्राम पंचायत बोरिया

### फैक्ट्री प्रबंधन ने नहीं दी कोई जानकारी

फैक्ट्री हमारे पंचायत क्षेत्र में आता है। ग्रामीणों की मांग पर सरपँच ने निरीक्षण की अनुमति व अन्य जानकारी मांगी, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं दिया गया। मेरे लम्बे कार्यकाल के दौरान अभी तक फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा कोई जनहित व कल्याणकारी कार्य में भागीदारी नहीं दी गयी है।

**- गिरवर गायकवाड़**
सचिव, ग्राम पंचायत बोरिया

### जुटाई जाएगी जानकारी

यह गम्भीर मामला आपके माध्यम से प्राप्त हो रहा है। तत्काल यहां निरीक्षण कर सम्बन्धित जरूरी जानकारी जुटाई जाएगी। उसके पश्चात ही बता पाएंगी।

**- पिंकी मनहर** एसडीएम-बेरला

### थाने से ली जाएगी जानकारी

यदि फैक्ट्री में सुरक्षा सम्बन्धित मानक मापदण्डों से खिलवाड़ हो रहा हो, तो यह बड़ा ही संवेदनशील है। बेरला पुलिस थाने से इसकी विस्तृत जानकारी ली जाएगी।

**- तेजराम पटेल,** एसडीओपी, बेरला

## तीन-चार स्तर की सुरक्षा व्यवस्था

इसके अलावा फैक्ट्री की घेराबंदी में तीन-चार स्तर की व्यवस्था है। सड़क किनारे पहले तार से एवं दूसरा पेड़ों के सहारे एवं तीसरा फिर मिट्टी के ढेलों व पेड़ों द्वारा एवं अंतिम तालाब के पार जैसे ऊंचे टीले बनाकर विशेष पदार्थ एवं सम्बन्धित कार्य को आमजनों से छिपाया जाता है। जबकि गाँव स्तर पर देखा जाए तो बोरिया सहित अन्य गाँव में से किसी भी व्यक्ति वहां के अंदर जाने की अनुमति नहीं है और न ही कोई अभी तक गया है। जबकि विभिन्न मापदण्डों के निरीक्षण के लिए सम्बन्धित विभागीय अफसरों की आने की अभी तक किसी को सूचना नहीं मिली है। पंचायत के सरपँच व सचिव अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी किसी से मुलाकात व फैक्ट्री द्वारा अब तक गाँव में कोई विकास के कार्य किये गए हैं। लिहाजा विभिन्न मापदण्ड व सुरक्षा कारणों को लेकर बेरला क्षेत्र का बोरिया गाँव स्थित यह कैमिकल फैक्ट्री सुर्खियों में है। जसि पर आगामी दिनों में प्रशासन को निरीक्षण व जांच कर अपना रुख व पक्ष स्पष्ट करना पड़ेगा। क्योंकि संदिग्ध गतिविधियों से गाँव मे फैक्टरी के संचालन से पिरदा ब्लास्ट कांड के कारण गम्भीर चिंता बढ़ने लगी है। एक ग्रामीण ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वहां के कैमिकल का दुष्प्रभाव आसपास के पर्यावरण व वातावरण पर पड़ने लगा है। मानना है कि क्षेत्र से लगे पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं एवं पेयजल पर भी व्यापक प्रभाव पड़ रहा है।

# खेतों में जा रहा शहर का गंदा पानी, कृषि कार्य हुआ मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सोमवार को सिंघौरी एवं कंतेली के किसानों ने कलेक्टर बेमेतरा से मुलाकात की और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि पिछले कई वर्षो से शहर का गंदा पानी नालियों के माध्यम से सिंघौरी दुर्ग रोड मे किसानों के खेत में फैल रहा है। इसके कारण खेती कार्य कर पाना मुश्किल हो गया है। वर्तमान में 9 से 10 एकड़ किसानों की कृषि भूमि में पानी भर चुका है। पहली बारिश में ही सैकड़ों एकड़ में यह पानी फैल जाएगा, जिससे किसान बोवाई कार्य भी नहीं कर पाएंगे। किसानों ने कहा कि उक्त क्षेत्र में छोटे किसानों की जमीन है ऐसे मे उनके सामने जीवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है । कलेक्टर बेमेतरा ने जल्द ही समस्या का निराकरण किए जाने की बात कही । इस दौरान सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस ,कुमार वर्मा , गोलू साहू , देवराम साहू , जागू साहू ,भानु साहू, जागेशर वर्मा,राजू साहू ,अशोक साहू, झाड़ू वर्मा , मन्नू साहू , जकला साहू , तुका साहू , दोहाई वर्मा ,मनोज मानिकपुरी ,शंभू साहू , शावत वर्मा, मोहन वर्मा, गनपत साहू ,सीताराम यदु, खम्मन वर्मा , बहादुर वर्मा , मेहत्तर वर्मा ,मुन्ना वर्मा, लोभन वर्मा , सरजू निशाद ,कार्तिक वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

■ सिंघौरी एवं कंतेली के किसानों ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताई परेशानी

# नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में चंदन ने जीता रजत पदक



**साजा।** फिट इंडिया चैम्पियनशिप ट्राफी ओपन नेशनल ताईक्वांडो चैम्पियनशिप का दो दिवसीय आयोजन 7 जून से महाराष्ट्र के गोंदिया में हुआ। उक्त स्पर्धा में 15 राज्यों के 500 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 50 खिलाड़ी, 5 रेफरी व 6 कोच तथा मैनेजर शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण पदक, 15 रजत तथा 10 कांस्य पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की टीम का नेतृत्व ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी एवं राज्य सचिव संतोष निर्मलकर ने किया। छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल साजा विकासखंड अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल केहका के 11 वीं के छात्र चंदन साहू ने रजत पदक प्राप्त किया। चंदन की इस उपलब्धि पर उनके शिक्षकों एवं सहपाठियों ने बधाई एवं शुीकामनाएं दी हैं।

# दंपती से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** घर से गुल्लक लेकर निकले युवक के घर पतासाजी करने पहुंचे पति पत्नी के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 16 की है। अजय दास मानिकपुरी ने बताया कि वह कपड़ा बेचने का काम करता है। 9 जून को रात्रि करीबन 9:20 बजे मामा का लडका घर से निकलकर गया। इस दौरान पत्नी शारदा मानिकपुरी देखी कि घर का गुल्लक नहीं है। तब वह अपनी पत्नी शारदा को लेकर मामा प्रमेन्द्र गोस्वामी के घर वार्ड क्रमांक 16 में पूछने के लिए गया। वहां उसने कहा कि आपका लड़का घर से गुल्लक लेकर आया है, कहां है। इस बात पर मामा ने अपने बेटे पर झूठा आरोप लगाने की बात कहते हुए अजय दास की पिटाई शुरू कर दी।


हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411


सलधा में ठेकेदार की लापरवाही के कारण नल-जल योजना फेल

# दो साल पहले बनी टंकी आज तक शुरू नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम सलधा में निर्माण पानी टंकी को बने दो साल हो गए, लेकिन उससे पानी सप्लाई आज भी चालू नहीं हो पाया है। इससे गांव में जलसंकट की समस्या उत्पन्न हो गई है। शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना के अंतर्गत जिले प्रत्येक ग्राम में पानी टंकी निर्माण किया जा रहा है, ताकि ग्राम वासियों को पानी मिल सके।

लिहाजा जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत सलधा में पानी टंकी निर्माण किया गया है, जो गुणवत्ताहीन व घटिया मटेरियल की उपयोग के चलते पानी शुरू होने के पूर्व ही टंकी में सैकड़ों दरारें आ गई हैं। इसके कारण दो साल हो गए पानी टंकी शो पीस बन गई है।



इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा इस ओर देखने तक नहीं आये है। इसके अलावा गांव की गलियों में पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदे गए जिससे सड़क की दुर्दशा ही बिगड़ गई।

गौरतलब है कि ग्राम सलधा में लाखों रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया गया है। दो वर्ष बाद भी इसे चालू नहीं किया गया। टंकी निर्माण में मानक व मापदंडों को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इससे ग्रामीणों में टंकी निर्माण ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम सलधा में हजारों की संख्या में निवास करते हैं। जहां प्रत्येग राशनकार्ड हितग्राही के अनुसार घर घर नल-जल योजना के अन्तर्गत पहिप लाइन बिछाई गई है। गांव में पानी की समस्या दूर हो। लेकिन ठेकेदार के लापरवाही के चलते ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

### समय-सीमा दरकिनार

पानी टंकी निर्माण कार्य शुरू व निर्माण पूर्ण करने की तिथियों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। वही टंकी दरार आने पर मरम्मत नहीं की जा रही है। इसके कारण गांव के लोग पेयजल संकट से परेशान हैं।गांव में पिछले वर्षों से चौक चौराहों पर नल, हैण्डपम्प व बोर के माध्यम से पानी की उपयोग हो पा रहा है। पानी टँकी के भरोसे पर गांव प्यासे रह जाते। वहीं ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो रहा है। इस संबंध में ग्राम वासी सुदर्शन साहू, अमन साहू, ने बताया कि पानी टँकी को दो साल निर्माण को हो गए लेकिन कई जगह दरारें आने पर पानी लीकेज व जर्जर होने के कारण अब तक चालू नहीं किया गया। गांव के लोग इसके भरोसे रहते हो आज प्यासे ही रह जाते।


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH R1
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
·BCA ·MCA
·BBA ·MBA
·B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
TCS
wipro
90161 13333
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप



### पेड़ लगाएं जीवन बचाएं अभियान शुरू

**रायपुर।** पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं, जीवन बचाएं। वृक्ष पूजन अभियान रविवार को ग्राम बड़े अंवरी तहसील पाटन में रखा गया, जिसके मुखिया पर्यावरण प्रेमी देवचरण साहू एवं जनसेवक अरूण जोशी द्वारा छत्तीसगढ़ पेड़ दिवस एवं वृक्ष पूजन अभियान लगातार 24 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम सोनवानी, कुनाल गुप्ता, मनोज ठाकुर, सूरज साव ने पौधे लगाकर वृक्ष के महत्व को समझा, जाना और लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किए। पेड़-पौधे आवश्यक हैं, पेड़-पौधे रहेंगे, तभी मानव जीवन सुरक्षित है।

### ट्रक चालक से मारपीट चाकू की नोक पर लूट

**रायपुर।** राखी थाने में एक ट्रक ड्राइवर ने दो बाइक सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चाकू की नोक पर मारपीट करने तथा 10 हजार रुपए लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रक ड्राइवर पिरदा मंदिर हसौद से गिट्टी भरकर सिहावा ले जा रहा था, इसी दौरान ट्रक के अंदर बैठकर खाना खा रहे ड्राइवर के साथ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा जोरा स्थित धनगुरु ट्रांसपोर्ट में ट्रक चलाने वाले महेश प्रजापति ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार देर रात वह पुरखौती मुक्तांगन के पास ट्रक खड़ा कर अंदर बैठकर खाना खा रहा था। वह ट्रक में अकेला था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और कंडक्टर तथा ड्राइवर साइड का दरवाजा खोलकर ट्रक के अंदर दाखिल हुए। एक बदमाश ने ट्रक ड्राइवर से पीने के लिए पानी मांगा। इसी बीच दूसरे बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर ट्रक ड्राइवर की छाती पर टिका दिया और उससे पैसों की मांग करने लगा। इनकार करने पर बदमाशों ने ड्राइवर की जेब से जबरन पैसे निकाल लिए। मोबाइल लूटने की कोशिश कर रहे बदमाशों ने ट्रक में रखे टूल से ट्रक ड्राइवर की पिटाई की और मौके से फरार हो गए।

### गुड़ाखू बेचने के विवाद पर पेंचकस से हमला

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक ट्रक ड्राइवर ने एक किराना कारोबारी के खिलाफ गुड़ाखू बेचने के विवाद पर पेंचकस से हमला कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक संतोष कुर्रे ने प्रहलाद वर्मा के खिलाफ हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि गिरोद में किराना दुकान संचालित करने वाले प्रहलाद की दुकान पर वह गुड़ाखू खरीदने गया। गुड़ाखू की कीमत 40 रुपए बताने पर संतोष ने दुकानदार को अन्य दुकानों में गुड़ाखू 35 रुपए में मिलने की बात कही। इससे नाराज होकर प्रहलाद ने संतोष के गाल पर पेंचकस से हमला कर घायल कर दिया।

### दोपहिया चोरी का आरोपी एमपी से गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला पुलिस ने दोपहिया चोरी मामले के एक आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दोपहिया जब्त की है। पुलिस के मुताबिक ओंकार सचदेव की रिपोर्ट पर उसका ई-स्कूटर चोरी करने के आरोप में मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी राहुल राणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से की है।

### हाईवा की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र में हाईवा की चपेट में आने से मोपेड चला रहे एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हाईवा सीजी-04 पीई-8069 की चपेट में आने से हासानंद नेचवानी की मौत हुई है। हासानंद शुक्रवार देर रात अपनी मोपेड से जा रहा था, इसी दौरान डूमरतराई के पास हाईवा के ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए हासानंद को अपनी चपेट में ले लिया। हाईवा की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# पांच नए जिलों में जिला अस्पताल, सीएमएचओ-सिविल सर्जन के दफ्तर भी बनेंगे

**निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी लगाने अफसरों को निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में गठित किए गए पांच नए जिलों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा दिलाने के लिए जिला अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। जिला अस्पताल के साथ वहां सीएमओ और सिविल सर्जन के कार्यालय भी बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने अफसरों को काम में तेजी लाने का निर्देश भी दिया है।

पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों की मैराथन बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न निर्देश दिए थे। इस दौरान गठित नए जिले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने जिला अस्पताल बनाने का काम शुरू करने का निर्देश दिया है। इन जिलों में सौ-सौ बेड का जिला अस्पताल बनाने के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

अस्पताल भवन के साथ सीएमएचओ और सिविल सर्जन के कार्यालय के निर्माण की योजना को भी पूरा किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल बनाने के लिए पूर्व में प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है और फंड की व्यवस्था अनुपूरक बजट में की जाएगी। इसके अलावा जशपुर जिले में सिविल अस्पताल बनाने की योजना है, जिस पर भी स्वास्थ्य मंत्री ने अफसरों से जानकारी ली है।

### सेटअप भी स्वीकृत होगा

प्रस्तावित जिला अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्य के लिए सेटअप भी तैयार करने का काम आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा। चिकित्सकों सहित अन्य पदों को हरी झंडी मिलने के बाद भर्ती भी शुरू की जाएगी। नए जिलों के अलावा पुराने जिलों में भी लंबित भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने की हिदायत दी जा चुकी है।




### पूरी की जा रही प्रक्रिया

नए जिलों में अस्पताल के साथ सीएमओ और सिविल सर्जन के कार्यालय बनाने की योजना है। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**- डॉ. डीके तुर्रे,** उपसंचालक, स्वास्थ्य विभाग

### चार नए मेडिकल कालेज भी

अगले साल खुलने वाले चार नए मेडिकल कॉलेज कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़ और गीदम के लिए स्वीकृत राशि और उससे संबंधित कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा शिक्षा से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली थी। चारों कॉलेजों की शुरुआत पचास-पचास सीटों के साथ की जानी है, इसके लिए शासन द्वारा 12 सौ करोड़ की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है।

## शहर के बीएसयूपी कॉलोनियों में रहने वालों ने अटकाया भुगतान, इसलिए ऐसा हाल

# बीएसयूपी कॉलोनियों में मेंटेनेंस नहीं, गंदगी और अव्यवस्था के बीच फंसे 16 हजार परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बरसात से पहले बीएसयूपी कॉलोनियों में मेंटेनेंस नहीं कराया गया है। इससे गंदगी व असुविधाओं के बीच 16 हजार से ज्यादा परिवार फंसे हुए हैं। इनको राहत देने के लिए नगर निगम व जोन के जिम्मेदारों ने कोई पहल नहीं की है। इससे कॉलोनियों की बिल्डिंग के प्लास्टर उखड़ने लगे हैं और सीवरेज लाइन की सफाई नहीं होने से मिट्टी तथा कचरा जाम है। यह स्थिति इसलिए बनी है, क्योंकि कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों ने अलॉटमेंट के बाद किस्तों का भुगतान नहीं किया है। इसके चलते 12 से ज्यादा कॉलोनियों में अव्यवस्था की स्थिति है।

शहर की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले 30 हजार से ज्यादा परिवारों में से नगर निगम ने अभी तक 16 हजार से ज्यादा परिवारों को अलग-अलग वार्ड व जोन क्षेत्र में बनवाई गई बीएसयूपी कॉलोनियों में निगम ने विस्थापित किया। झुग्गी से कॉलोनियों में शिफ्टिंग सिर्फ 2 हजार रुपए जमा लेने के बाद किया गया। इसके बाद लोगों ने बकाया राशि को 10 साल में भी जमा नहीं की है। इससे कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को जरूरी सुविधाएं भी नहीं मिल पाईं। बीएसयूपी में मेंटेनेंस के लिए गाइडलाइन के तहत आगे प्रक्रिया भी नहीं हुई। बरसात के लिहाज से भी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सुध नहीं ली गई। इसका खुलासा भाठागांव के 40 ब्लॉक में बसाए गए परिवारों का जायजा लेने पर हुआ। इस कॉलोनी में पानी निकासी के लिए बनाई गई व्यवस्था फेल है। प्लास्टर उखड़ रहे व स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। पेयजल भी लोगों को सार्वजनिक नल के भरोसे मिलता है।

### यहां बनवाई गईं कॉलोनियां

भाठागांव, मठपुरैना, कचना, सड्डू, अमलीडीह, दलदल सिवनी, कांठाडीह, कबीर नगर, कोटा, आामानाका, सरोना में बनवाई गई बीएसयूपी कॉलोनियों में 16 हजार से ज्यादा परिवारों को बसाया गया। इसके बाद बुनियादी सुविधाओं की बहाली के लिए किसी प्रकार का प्रयास नहीं हो पाया। ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि जिन लोगों को मकान अलॉट किया गया, उन्होंने शर्तों का पालन करते हुए तय राशि जमा करने में भी विलंब किया। इससे निगम व जोन के जिम्मेदारों ने वहां रहने वाले परिवारों की सुध नही ली। यहां बरसात से पहले भी मेंटेनेंस नहीं हुआ।





### एजेंसी से कराएंगे सुधार

बीएसयूपी कॉलोनियों में जिन लोगों को मकान दिया गया, उनमें से ज्यादातर परिवारों ने एक किस्त देने के बाद भुगतान नहीं किया है। जो जरूरी काम जोन से कराया जा सकता है, वही संभव हुआ। अब एजेंसी से सुधार कराने दिशा-निर्देश मिला है।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

### इस तरह की समस्या हर कॉलोनी में

भाठागांव बीएसयूपी के हर ब्लॉक में बरसात के दिनों में सीपेज की समस्या रहती है। इसके अलावा पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई नहीं होने से नामोनिशान खत्म है। लोगों ने बताया कि तेज बारिश होने पर पानी निकासी बड़ी समस्या बनती है। कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा के लिए बाउंड्री, नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। इससे हर ब्लॉक और कॉलोनी में कचरे का ढेर है। सैप्टिक टैंक की सफाई व मेंटेनेंस नहीं होने से बरसात में बड़ी समस्या का रूप लेते हैं, शिकायत करने पर भी जिम्मेदार सुधार नहीं कराते हैं।

### इन शर्तों पर आवंटन से ...

निगम सूत्रों ने बताया कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले जिन परिवारों को विस्थापन के तहत कॉलोनियों में मकान का आवंटन किया गया। उनको प्रति फ्लैट के 20 हजार रुपए देने था। इसके अलावा बिजली व नल कनेक्शन के लिए उन्हें अलग से तय राशि देने का प्रावधान किया गया। तब ज्यादातर परिवारों ने 2-2 हजार रुपए देने के बाद मकान में रहना शुरू किया, लेकिन बकाया 18 हजार का भुगतान नहीं किया। इसके चलते करोड़ों का भुगतान विगत 10 साल से फंसा है। इस वजह से निगम के जिम्मेदारों ने सुविधा देने की मुहिम अटकाई।

# एमपी-राजस्थान में डकैतों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टिम्बर कारोबारी के यहां डकैती करने वाले पांच बदमाश अपने साथ 2 लीटर के पानी की बोतल में शराब भरकर लाए हुए थे। पहले शराब पिया उसके बाद मकान में डकैती के लिए घूसे थे। पुलिस को मौके से पानी बोतल में शराब मिला और नसे के अन्य सामान भी जब्त किया गया है।

- शराब पीकर घुसे थे मकान में डकैत

मिली जानकारी के मुताबिक रसमड़ा में स्थित टिम्बर कारोबारी दिलीप मिश्रा के मकान में पांच बदमाशों ने शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात डकैती पड़ने के बाद पुलिस को घटनास्थस से कई अह्म सुराग हाथ लगे है।पुलिस कारोबारी डकैती को खोजने एमपी और राजस्थान के सीमा से जुड़े जिलों में बदमाशों को खोजने में जुटी हुई है। क्राइम एंड सायबर यूनिट की चार टीमें डकैतों को खोज रही है। अंजोरा चौकी और पुलगांव थाना की टीम स्थानीय होटल, लाज में खोजबीन किया जा रहा है कि बदमाश यहां कहां पर रुके हुए थे। जिले से बाहर जाने वाले सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी चेक किया जा रहा है। डकैतों को पकड़ने के लिए पुलिस की कुल 6 टीमें जुटी हुई है। जांच टीम को वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया गया है। जिस तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया है उससे इसमें शामिल गिरोह के एमपी के देवास, धार, झाबुआ, हरियाणा जिले के होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस की चार टीमें देवास, धार, झाबुआ जिले में रवाना की गई है।

### एक दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

टिम्बर कारोबारी दिलीप मिश्रा के मकान में डकैती पड़ने के बाद बदमाशों के बारे में कोई खास सफलता पुलिस हासिल नहीं कर पाई है। मोबाइल ड्रंप, साइबर टीम और अलग-अलग तरीके से खोजबीन किया जा रहा है। जिले में डकैती की वारदात का पुराना नाता रहा है। इसके पूर्व भी बीते वर्षो में जिले में कई मकानों को डकैतों ने निशाना बना चुके है। लेकिन आरोपी तक पुलिस पहुच नहीं पाई है।

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एआई तकनीक की मदद से सेटेलाइट के जरिए होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगलों की निगरानी हाईटेक तरीके से करने की तैयारी चल रही है। इसी महीने टाइगर रिजर्व का रिमोट सेंसिंग एवं ड्रोन मैपिंग पोर्टल लांच करने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। जंगल की निगरानी हाईटेक तरीके से करने के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग तथा एआई तकनीक की मदद ली जा रही है। नई तकनीक से जंगल की इमेज क्लीयर आएगी। गूगल मैप की अन्य इमेज की तरह एआई तकनीक से तैयार इमेज धुंधली नहीं होगी।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक क्लाउड कंप्यूटिंग एवं एआई आधारित गूगल अर्थ इंजन के माध्यम से टाइगर कॉरिडोर में वन एवं जल आवरण बदलाव, ड्रोन मैपिंग पोर्टल से आमजन सूक्ष्मता से देख सकेंगे। साथ ही चार सौ किमी. लंबे इंद्रावती, सीतानदी-उदंती, सुनाबेड़ा टाइगर कॉरिडोर में वर्ष 2010-2023 तक वन एवं जल आवरण में आए परिवर्तन को लोग देख सकेंगे। अफसर के अनुसार कॉरिडोर में डिस्टर्बेंस की वजह से महाराष्ट्र के अतिरिक्त बाघों (जो नई टेरिटरी की खोज में विचरण करते हैं) उनकी छत्तीसगढ़ और ओडिशा में आवाजाही लगभग बंद हो गई है। टाइगर कॉरिडोर में आए नकारात्मक वन एवं जल आवरण बदलाव वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर अवैध कटाई रोकने के साथ शिकार की घटना रोकने ऑपरेशन चलाने में मदद मिलेगी।

### ओडिशा के दस किमी के जंगल निगरानी में

उदंती-टाइगर रिजर्व का एरिया, जो ओडिशा के एक सौ 25 किमी. की सीमा से सटा है। नए सिस्टम से ओडिशा के 10 किमी. अंदर तक वन आवरण परिवर्तन को देख सकेंगे, जो अतिक्रमण और अवैध कटाई के दृष्टिकोण से अति संवेदनशील है। इसके अतिरिक्त हर पांच दिन में सेटेलाइट डेटा के माध्यम से वन, जल आवरण की तुलना कर सकेंगे। वन विभाग के इस पोर्टल का उपयोग जल संसाधन विभाग भी कर सकता है।



- जंगल में कब्जे से लेकर अवैध कटाई की जानकारी एक क्लिक में मिल सकेगी
- इसी महीने ड्रोन मैपिंग पोर्टल लांच करने की तैयारी

*पांच सेमी. तक जूम कर देख सकेंगे : गूगल अर्थ में किसी भी क्षेत्र की इमेज देखने ज्यादा जूम करने पर इमेज धुंधली होने लगती है। ड्रोन पोर्टल से तैयार इमेज को पांच सेंटीमीटर तक जूम कर 50 से ढाई सौ हेक्टेयर क्षेत्र को आसानी से लोग देख सकेंगे। इससे वृक्षारोपण के अलावा पौधों का विकास देखने तथा मापने में मदद मिलेगी।*

### ऐसे की जाती है ड्रोन मैपिंग

गौरतलब है कि ड्रोन मैपिंग पोर्टल, अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग पोर्टल संभवतः देशभर में छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा प्रथम पहल है। ड्रोन मैपिंग करने के लिए इस तरह के उपाय किए जाते हैं..

- जिस क्षेत्र की मैपिंग करनी होती है, उस क्षेत्र का फ्लाइट प्लान (केएमएल फाइल) बनाकर ड्रोन में फीड किया जाता है
- फ्लाइट प्लान के अनुसार ड्रोन उस क्षेत्र के ऊपर से गुजरते हुए हजारों जिओ-टैग्ड (जीपीएस सहित) फोटो खींचता है
- वर्क स्टेशन एवं क्लाउड कंप्यूटिंग की मदद से इन हजारों फोटो को प्रोसेसिंग कर स्टिच कर एक बड़ा मानचित्र तैयार किया जाता है, जिसे ओर्थोमोसाइक फोटो कहते है। इस प्रोसेसिंग कार्य में एक से दो दिन लग जाते हैं और इसके लिए अत्याधुनिक कंप्यूटर, वर्क स्टेशन आवश्यक होते हैं। इसके बाद मानचित्र को ड्रोन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।

# प्रदेश में बिजली उत्पादन का पॉवर 3 से 13 हजार मेगावाट करने की तैयारी

- 660 मेगावाट के तीन संयंत्रों के साथ पानी से भी 7700 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बिजली का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बड़ा काम कर रही है। अभी अपना उत्पादन तीन हजार मेगावाट के ही आसपास है, इसे आने वाले समय में 13 हजार मेगावाट करने की कवायद प्रारंभ हो गई है। प्रदेश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। प्रदेश में पहली बार 660 मेगावाट के तीन नए संयंत्र लगाने की तैयारी है।

इसमें से एक संयंत्र मड़वा में और दो कोरबा में लगेंगे। इसी के साथ पांच स्थानों पर पानी से 7700 मेगावाट बिजली बनाने के लिए प्लांट लगेंगे। कोरबा में 1340 मेगावाट का नया संयंत्र लगाने की मंजूरी प्रदेश सरकार दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी लेने के लिए तेजी से काम चल रहा है। अगले माह मंजूरी मिलने की संभावना है। मड़वा के संयंत्र के लिए अब डीपीआर बनाने की तैयारी है। प्रदेश सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी कर रही है।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से ज्यादा हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।



### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर मिलता है। ऐसे में राज्य में बिजली छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो जाती है।

# गांजे के सौदागर अब नाबालिगों को बना रहे सप्लायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

रेलवे पुलिस से बचने गांजे के सौदागर तस्करी के लिए अब हर महीने अपने काम करने का तरीका बदल रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें गांजा दूसरे राज्यों तक पहुंचाने में सफलता नहीं मिल रही है। आरपीएफ टीम मुखबिर की मदद से लगातार फिल्मी अंदाज में तस्करों को पकड़कर उनकी सभी योजनाओं को विफल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक अब तस्कर आरपीएफ और जीआरपी की आंखों में धूल झोंकने नया पैंतरा अपना रही है। ट्रेनों के जरिए गांजा तस्करी करने नाबालिग अपचारी बालक को सप्लायर बनाया जा रहा है। तस्करी के मामले में बीते 6 महीने में नाबालिगों की संख्या बढ़ी है। आरपीएफ ने बताया कि गांजे के सौदागर अपराधों में संलिप्त नाबालिगों को सप्लायर के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रदेश व दूसरे राज्यों के मुखबिर के जरिए ऐसे नाबालिगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।



*ओडिशा से खरीदकर गैरतगंज जाने की तैयारी : पूछताछ में दोनों अपचारी बालकों ने बताया कि बरामद गांजा हरिशंकर ओडिशा से खरीदकर रेलमार्ग से रायपुर रेलवे स्टेशन आने और रेलमार्ग से सागर के रास्ते गैरतगंज जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे कि पकड़े गए।*

### लगातार मिल रही सफलता

ऑपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 से दो अपचारी बालकों को पकड़ने में सफलता मिली है। तस्करों के हर नए पैंतरे पर हमारी नजर है, इसलिए लगातार आरपीएफ को सफलता मिल रही है।

**- एस. दत्ता,** आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक

### 12 किलो गांजे के साथ दो अपचारी बालक गिरफ्तार

प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता के नेतृत्व में आरपीएफ ने रविवार को 2 अपचारी बालकों को 12 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार है। ऑपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 5 में दुर्ग छोर के शौचालय के पास मुखबिर के बताए हुलिए, पहनावे एवं सामान के आधार पर दो संदिग्ध लड़कों को दोपहर में घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों के पास एक नीले रंग व बैंगनी रंग के लगेज बैग की जांच करने पर मादक पदार्थ गांजा मिला।

# सीएम साय बोले- हमने मोदी की गारंटी के वादों को पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुश्किल से 6 महीने हुए हैं। 6 महीने में हम लोगों को कम काम करने का अवसर मिला।

इसके बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई, आचार संहिता लागू हो गई, लेकिन आचार संहिता लागू होने से पहले मात्र सौ दिनों में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। इसका बेहतर परिणाम हमें लोकसभा में मिला। आगामी समय में गारंटी के बचे हुए वादों को सांय-सांय पूरा करेंगे।

- दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा में कहा- बचे वादों को भी सांय-सांय पूरा करेंगे

श्री साय ने नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव में हमें छत्तीसगढ़ की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला। छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने मोदी की गारंटी, भारतीय जनता पार्टी, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास किया और चौथी बार हम लोगों ने सरकार बनाई। पहले की तीन बार की जो भाजपा सरकार थी, उससे भी ज्यादा आशीर्वाद भाजपा को मिला। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति महीने एक-एक हजार के हिसाब से चार किस्तें जारी करने की बात कही।

### नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में तेजी

श्री साय ने कहा, पिछले 15 साल की हमारी भाजपा सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी और जब फिर से भाजपा की सरकार बनी तो केंद्र-राज्य के समन्वय से नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में और भी तेजी आई है। उन्होंने कहा, जो छत्तीसगढ़ की पहचान है, नक्सलवाद जैसा लोग सोचते हैं, वैसा कुछ भी नहीं है। इसलिए छत्तीसगढ़ को ऐसी नजरों से बिल्कुल भी न देखें। केवल पांच जिलों में ही कुछ जगह पर नक्सलवाद है। इन क्षेत्रों में अभी तक लगभग 25 से ज्यादा सुरक्षा कैंप बनाए गए हैं और इसका मतलब कैंप के 5 किलोमीटर के रेडियस में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप

### कृषि मंत्री नेताम ने तोखन को दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा आदिमजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बिलासपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद तोखन साहू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में तोखन साहू को जगह दी गई है। उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व प्रदान करने से एक नए विजन के साथ प्रदेश को नई गति मिलेगी।

### शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि आज

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता एवं छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संरक्षक, झीरम घाटी नक्सली-माओवादी हमले में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम विद्याचरण शुक्ल उद्यान में स्थित प्रतिमा स्थल पर 11 जून को सुबह 9.30 बजे प्रारंभ होगा। इसके अलावा लभांडी स्थित राधेश्याम भवन में सुबह 10.30 बजे पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी महामंत्री रामअवतार देवंगान और नितिन झा ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य आदि शामिल हुए।

### शीतला मंदिर परिसर में किया पौधारोपण


**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली में गत दिनों शीतला माता मंदिर परिसर (तालाब किनारे) में पौधारोपण किया गया। साथ ही क्षेत्रीय लोगों को पर्यावरण के महत्व एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई और पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम विकास समिति धनेली को पौधा भी सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष टेकराम वर्मा, सुरेश निषाद, नंदलाल साहू के अलावा फाउंडेशन से विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, सनील जांगड़े, विनोद साहू, मिथिलेश निषाद, गौरव निषाद, हेम साहू, प्रियांश कुमार निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

### आग से घर और दुकान सहित पूरा सामान खाक

**गुरूर ।** सोमवार को मरकाटोला में 11.30 बजे बालसिंग नेताम के घर और दुकान में आग लग जाने से पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि लोग बुझाने के लिए पास जाने से कतरा रहे थे। बालसिंग नेताम की दुकान में आइल होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया था, जब आग धीरे-धीरे कम हुई तब ग्रामीण एवं परिवार के लोग सहयोग करने लगे। दूसरे घर के बोर से पानी लाकर आग को कम किया गया। बालोद से फायर बिग्रेड को तत्काल सूचना दी गई। जो एक घंटे के बाद पहुंची, जहां तेज धूप एवं भवन गर्म हो जाने के कारण धीरे-धीरे अंदर की आग को काबू किया गया। सूचना मिलने के बाद सरपंच नरेन्द्र सिन्हा, उपसरपंच नरोत्तम ध्रुव, पूर्व सरपंच बलराम गोटी, पंच बलराम कोर्राम, नारद नेताम, डा पीआर ठाकुर, सुकालू नेताम ,संजय नेताम, कृष्णकांत ठाकुर, तीरथ कोमर्रा, चंद्रिका दर्रो, छबि राठी, फूलमा बाई, सुकारो बाई, रमिता बाई, सुशीला नेताम की उपस्थित में पंचायत की ओर से 7 हजार रुपये सहायता राशि बालसिंग एवं उनकी धर्मपत्नी सुलोचना नेताम को नकद प्रदान की गई।

## निधन

### बिरझूराम साहू



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी बिरझू राम साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गणेशिया बाई के पति, डॉ आगेश्वर साहू व गोपीचंद साहू के पिता थे।

# प्रधानपाठक पदोन्नति के बाद पदांकन के लिए शीघ्र की जाए काउंसिलिंग

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ से भेंट कर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिले में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग के विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मारकले से चर्चा की व ज्ञापन सौंपा।

संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में सहायक शिक्षक एलबी से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति के पश्चात अब पदांकन के लिए काउंसिलिंग शीघ्र करने, जिले में कार्यरत सभी शिक्षक (एल बी) संवर्ग के लिए अप्रैल 2022 से लागू पुरानी पेंशन योजना अंतर्गत कटौती राशि का सीजीपीएफ पासबुक संधारण करने, संविलियन के पूर्व के सभी प्रकार के लंबित एरियर्स का भुगतान करने की मांग की गई। जिसमें सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्य कर चुके शिक्षकों के जुलाई 2016 से मार्च 2017 तक 9 माह के लंबित डीए एरियर्स, समयमान व पुनरीक्षित वेतनमान के एरियर्स, स्कूल शिक्षा के शिक्षकों के समयमान वेतनमान के लंबित एरियर्स सहित परिवीक्षा अवधि के एरियर्स के भुगतान शीघ्र करने, चोवेश कुमार साहू, सहायक शिक्षक एल बी, शास प्राथमिक शाला टेंगना (बरपारा) के लंबित संविलियन की कार्यवाही करने तथा जिला व विकास खंड स्तर पर समस्याओं पर चर्चा व निराकरण हेतु परामर्श दात्री समिति की बैठक आहुत करने व सेवा पुस्तिका संधारण के लिए शिविर आयोजित कर कार्यवाही करने पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया।



### अधिकारी ने बैठक करने का दिया आश्वासन

अधिकारी ने प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति की पदांकन हेतु काउंसिलिंग जल्द करने, सीजीपीएफ पासबुक संधारण हेतु जल्द निर्देश जारी करने व जिला व ब्लॉक स्तर पर परामर्श दात्री समिति की बैठक रखने का भी आश्वासन अधिकारी द्वारा दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करने वालों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेर, डौंडी ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र कुमार रावटे, डौंडीलोहारा अध्यक्ष अविनाश साहू, लेखराम साहू, जिला आईटी सेल प्रभारी हरीश साहू, चोवेश कुमार साहू, मनहरण साहू, कुलभूषण साहू, कामता प्रसाद साहू शामिल थे।

## जिपं सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# सभी अपूर्ण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करवाएं : डॉ. कन्नौजे




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत में आयोजित बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को विभाग के सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वनाधिकारी पत्रधारी हितग्राहियों के लिए अधिक से अधिक आजीविकामूलक कार्य स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बालोद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग समस्त, कार्यक्रम अधिकारी समस्त, सहायक प्रोग्रामर एवं तकनीकी सहायक भी उपस्थित थे। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यों के भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत सभी अपूर्ण कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता बिल्कुल भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्षित मानव दिवस को योजनाबद्ध तरीके से माहवार प्रगति लाते हुए वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य प्राप्ति करने को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र सरकार के अमृत सरोवर योजना के स्वीकृत निर्माण कार्यों को अनिवार्य रूप से 15 जून तक अनिवार्यतः पूरा करने तथा सभी वनाधिकार पत्रधारी परिवारों के लिए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक कार्य स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए।

### शीघ्र करवाएं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण

बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर घर–घर में कचरा एकत्रीकरण करने एवं सेग्रीगेशन व कलस्टर स्तर पर डिस्पोजल की व्यवस्था करने के निर्देश जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। इसके अलावा अपूर्ण सामुदायिक शौचालय की शीघ्र पूरा करने एवं पूर्ण सामुदायिक शौचालय को 12 मासी क्रियाशील करने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए अधिकारी–कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आवास निर्माण कार्य समय–सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के सभी आवासों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने तथा इस कार्य को बारिश के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एन.आर.एल.एम व अन्य योजनाओं की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्य को समय–सीमा में पूरा कराने तथा हितग्राहियों को इस योजना से अधिक से अधिक से लाभांवित कराने के निर्देश दिए।

# मोपेड-बाइक को बनाया मालवाहक, ओवरलोड दौड़ा रहे, हादसे का अंदेशा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहरवासियों ने मोपेड और बाइक को अब घूमने-फिरने के बजाय इसका उपयोग सामान ढोने के लिए करना शुरू किया है। इस प्रयोग के लिए परिवहन विभाग से परमिशन लिए बिना ही दोपहिया को मोडिफाइड कराने के बाद उपयोग बदल लिया है। इनमें मोपेड व बाइक का ही नंबर प्लेट इस्तेमाल किया जा रहा है। इसे देखने के बाद भी ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि मोडिफाइड गाड़ियों से सभी मुख्य मार्गों पर परिवहन का खेल किया जा रहा हैं। राजधानी में जिस तेजी से विकास हो रहा है, उसी तेजी से लोगों ने नया प्रयोग भी शुरू कर दिया है। मुख्य मार्गों ही नहीं, बल्कि बाजार में भी ऐसे वाहनों की भरमार है। लोगों ने घूमने-फिरने के लिए मोपेड-बाइक खरीदने के बाद उनका उपयोग बदल लिया है। इसके लिए परिवहन विभाग से किसी ने आवेदन के जरिए परमिशन भी नहीं लिया है। नियम के मुताबिक किसी वाहन को मोडिफाइड कराने के लिए अनुमति लेने का प्रावधान है। सूत्रों ने बताया कि परिवहन विभाग गाड़ी का कलर व उनका उपयोग बदलने के लिए परमिशन नहीं देता, क्योंकि यह नियम में नहीं है। इसके बाद भी मालवीय रोड, तेलघानी नाका, गंज मार्केट, पंडरी, टाटीबंद, हीरापुर, बोरियाखुर्द, डूंडा में ऐसे वाहनों की भरमार है। दोपहिया में ट्राली लगवाने के बाद सामान ढोने का काम औद्योगिक क्षेत्र उरला, सरोरा और भनपुरी में धड़ल्ले से किया जा रहा है। **पांच हजार जुर्माने का प्रावधानः** मोटरयान अधिनियम की धारा 182 क(4)- मोटरयान के स्वामी द्वारा किसी मोटरयान, जिसके अंतर्गत मोटरयान के पुर्जों की फिटिंग करने के माध्यम भी शामिल हैं। इसका किसी ऐसी रीति में परिवर्तन करता है, जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए नियमों, विनियमों के अधीन अनुज्ञात नहीं है।

## सांसद तोखन को जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई...



**साजा।** बिलासपुर सांसद तोखन साहू को केंद्रीय राज्यमंत्री बनाया गया है। श्री साहू को मंत्री बनाए जाने पर दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन पहुंचकर दुर्ग सांसद विजय बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने उनसे भेंट की और बधाई दी।

## बीसीजी का निशुल्क टीका अगले माह, माहांत से सर्वे की तैयारी

**रायपुर।** टीबी की समस्या को प्रदेश में खत्म करने के लिए बीसीजी का निशुल्क टीका लगाने का काम अगले माह से शुरू किए जाने की तैयारी है। इसके हितग्राहियों की पहचान के लिए माहांत तक सर्वे का काम शुरू होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मितानिन की मदद से संदिग्ध लोगों की पहचान करेगी और उन्हें वैक्सीन लगाई जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों की तरह बड़ों को, खासकर जिनमें टीबी के लक्षण हैं, उन्हें निशुल्क बीसीजी का टीका लगाने के निर्देश दिए थे।

सात जिलों के उपार्जन केंद्रों में बचा हुआ है धान

# इधर... मानसून सक्रिय, उधर... उपार्जन केंद्रों में 64 लाख मीट्रिक टन धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब मानसून सक्रिय हो गया है, लेकिन राज्य की सोसायटियों में अब तक 64 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जाम हो गया है। राज्य के मिलरों का कहना है कि सोसायटियों में रखा बहुत-सा धान खराब हो चुका है, इसे उठाने में घाटा हो सकता है। दूसरी ओर मिलरों से उनका तैयार किया चावल एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम नहीं ले रहा है।

इन कारणों से मिलर धान उठा नहीं रहे हैं। ऐसे में अब मानसून सक्रिय होने के बाद धान खराब होने की आशंका गहरा गई है। खरीफ सीजन 2023-24 में राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जो धान खरीदा था, उसका अधिकांश हिस्सा सोसायटियों से उठाया जा चुका है, लेकिन सरकारी रिकार्ड बता रहा है कि राज्य के कई जिलों के उपार्जन केंद्रों में अब तक 64504 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जाम है। खाद्य विभाग द्वारा बनाई गई उपार्जन नीति में कहा गया है कि सोसाइटियों में धान खरीदे जाने के 72 घंटे बाद ही धान का उठाव किया जाना है। धान खरीदी के बाद महीनों बीत चुके हैं।



### मिलरों को धान उठाने में ये परेशानी

मिलरों ने बताया कि सोसायटियों में अब जो धान बाकी है, उसका एक बड़ा हिस्सा खराब हो चुका है। धान में बदरा हो गया है। इससे गुणवत्तायुक्त चावल तैयार नहीं हो सकता। दूसरी बड़ी वजह ये है कि मिलरों ने जो धान उठाकर उससे चावल तैयार किया है, उसे एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में मिलरों के पास चावल और धान की बड़ी मात्रा जमा है, अब वे और धान नहीं उठा सकते। धान उठाने में देरी होने के कारण इसमें सूखत भी आई है, ऐसे में धान उठाने से मिलरों को वजन का घाटा होना तय है।

### इन जिलों में धान का स्टॉक

छत्तीसगढ़ के जिन जिलों के खरीदी केंद्रों में धान जाम है, उनमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा जिला शामिल है। बाकी के सभी जिलों से धान का परिवहन हो चुका है। इस जिलों की सोसायटियों का पूरा धान राज्य के मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए उठाया है।

## वित्त विभाग ने विभागाध्यक्ष, कलेक्टर और कमिश्नरों को बताया

# बजट प्रावधान नहीं तो कैसे भेजें योजना का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने सभी सरकारी विभागों से लेकर राज्य के सभी विभागाध्यक्ष, कलेक्टर और कमिश्नरों को बताया है कि किसी योजना के लिए अगर बजट में प्रावधान नहीं है तो उस योजना का प्रस्ताव वित्त विभाग को किस तरह बनाकर भेजना है। साथ ही वित्त विभाग ने प्रस्ताव भेजने संबंधी पुराने निर्देशों को भी दरकिनार कर दिया है। सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में जारी निर्देश में बताया है कि वित्त विभाग को व्यय के सवंयपूर्ण एवं सुस्पष्ट प्रस्ताव कैसे भेजना है। विभाग को यह निर्देश इसलिए जारी करना पड़ा है, क्योंकि शासन के विभिन्न विभागों से वित्त विभाग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव बनाते समय पहले से जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रस्ताव आधे-अधूरे होने के कारण उनका निराकरण करने में असुविधा हो रही है और ऐसे प्रस्तावों को वापस भेजना पड़ रहा है।

- पुराने नियम भी बदले गए




### अब ये करना होगा

वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि प्रस्ताव के नए प्रारूप के मुताबिक विभागीय नस्ती में प्रकरण से संबंधित सुस्पष्ट संक्षेपिका, जिसमें वित्त विभाग से अपेक्षित निर्णय के बिंदु का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो तथा संक्षेपिका में जरूरी संदर्भ भी लिखे जाएं। बजट के प्रस्ताव में बजट प्रावधान की जानकी शीर्ष वर्गीकरण सहित अंकित हो। यदि बजट प्रावधान उपलब्ध नहीं हो तो ये स्पष्ट करना होगा कि इस खर्च के लिए राशि कैसे उपलब्ध होगी। जैसे पुनर्विनियोजन, आकस्मिकता निधि, अनुपूरक आदि का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

### अब वित्त ने कही ये बात

*वित्त विभाग ने साफ किया है कि विभिन्न विभागों द्वारा भेजे जाने वाले प्रस्ताव को अगर जल्दी से पास करना है तो किस तरीके से प्रस्ताव बनाएं। नवीन पदों का सृजन, रिक्त पदों के विरुद्ध भर्ती की सहमति, नवीन-प्रतिस्थापन के अंतर्गत वाहन क्रय, योजना या कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, बजट में शामिल योजना, अनुदान, ऋण प्रस्ताव, ऋण पुनर्भुगतान की विमुक्ति तथा हवाई यात्रा की कार्योत्तर स्वीकृति के लिए लिए प्रस्ताव के नए प्रारूप तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही पुराने निर्देशों की निरस्त कर दिया गया है।*

# छत्तीसगढ़ को केंद्रीय कैबिनेट में अपेक्षा से कम मिला प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने सांसद तोखन साहू को राज्यमंत्री बनने पर दी बधाई

पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने कहा है कि मोदी सरकार के कैबिनेट में छत्तीसगढ़ को अपेक्षाकृत प्रतिनिधित्व नहीं मिला। बिलासपुर के निर्वाचित सांसद तोखन साहू को मोदी के मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए काफी अधिक गर्व और प्रसन्नता का विषय है। साहू समाज के लिए भी यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है। श्री साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनभावना के अनुरूप प्रतिनिधित्व नहीं मिला। इस प्रदेश को विकास की जो आवश्यकता है, जो केंद्र सरकार से संबंधित है एवं हमारे छत्तीसगढ़ का अधिकार है, उसे दिलाने में वे सफल होंगे, ऐसी हमारी शुभकामना है। साथ ही कहा, मोदी मध्यप्रदेश में 29 सांसदों पर पांच मंत्री बना रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में 10 सांसदों पर मात्र एक ही मंत्री बना रहे हैं, ये छत्तीसगढ़ के लोगों की भावनाओं पर कुठाराघात है। जबकि कम से कम दो मंत्री बनाए जाने थे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम दुधिया प.ह.नं. 22 तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक भुपेन्द्र यादव पिता ओमप्रकाश यादव जाति राउत निवासी ग्राम दुधिया तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) पहनं. 07 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत आवेदन पेश किया गया है, कि उनकी दादी स्व. डेरहिन बाई पति भुरूवा यादव की मृत्यु दिनांक 26/01/2011 में दुधिया में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 14/06/2024 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 28/05/2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार,**
**तहसील, नांदघाट,**
**जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### नगर में शीघ्र प्रारंभ होंगे विकास कार्य

**डौण्डीलोहारा।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने कहा है कि अब आचार संहिता खत्म होते ही नगर में बड़ी मेहनत से स्वीकृत कराये गये कार्य जल्द ही टेण्डर कर कार्य कराये जाएंगे। कार्यों में प्रमुख रूप से विवेकानंद चौक से नाका तक स्ट्रीट लाईट कार्य, वार्ड क्रमांक 12 मनोहर साहू के घर से ईदगाह तक पाईप लाईन, जैतखाम से प्रहलाद रजक घर तक पाईप लाईन, योगेश श्रीवास्तव घर से पांड़े घर तक पाईप लाईन, बाजार चौक से विवेकानंद चौक तक पाईप लाईन, कान्हा जनरल से चर्च तक पाईप लाईन, आंगनबाड़ी से कृष्णा रजक घर तक पाईप लाईन, अशोक सिन्हा घर से खेमू लोहार घर तक पाईप लाईन, गुरुदयाल के घर से पवन घर तक पाईप लाईन, उमेश्वर निषाद के घर से कोकिला घर तक पाईप लाईन, महासिंग के घर से प्रेम निषाद घर तक पाईप लाईन, रवि टाण्डेकर के घर से पटेल शॉप तक पाईप लाईन, दुर्गा चौक से मनोज साहू घर तक पाईप लाईन, सोसायटी से राम प्रसाद सोनकर घर तक पाईप लाईन, सुलभ शौचालय से थाना परिसर तक, मस्जिद चौक से तिलक घर तक, जिला सहकारी बैंक से पिंकु सोनी घर तक पाईप लाईन, लाला यादव घर से दीवान घर तक पाईप लाईन, अण्डी चौक से सांस्कृतिक भवन तक स्ट्रीट लाईट एवं वार्ड क्रमांक 15 मेनरोड से सामुदायिक भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य अतिशीघ्र जनहित में कराने पारदर्शी टेण्डर कर कराया जाएगा।

### फॉरचूनर चालक ने पिकअप वाहन को ठोका

**भिलाई।** फारचूनर और पिकअप वाहन के टक्कर होने का मामला सामने आया है। फॉरचूनर वाहन चालक गलत दिशा से आ रहा था। वाहन ने पिकअप को जोरदार ठोकर मार दी। मामला वैशाली नगर पुलिस के पास पहुंचा। पिकअप वाहन को थाने में खडा करने को लेकर बस्ती के लोगों ने थाने का घेराव किया। थाने के ठीक सामने अंबेडकर नगर बस्ती है। वहां की महिलाओं और युवाओं ने वैशाली नगर पुलिस पर गलत कार्रवाई करने का आरोप लगाया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कार चालक ने पहले तो गलत साइड से आकर डीजे साउंड ले जा रहे पिकअप में टक्कर मार दी। उसके बाद वो पिकअप के चालक पर चिल्लाने लगा और थप्पड भी जड़ दिया। बताया जा रहा है कि कार चालक शराब के नशे में थे। कार चलाने वाला नसे की हालत में कई युवकों को बुला लिया और युवकों ने पिकअप चालक को धमकी दे रहे थे। जिसे देख बस्ती को लेकर थाने पहुचे थे।

### पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जो आवारा पशु रोड में, मार्केट में, मुख्य सड़को पर या अन्य सार्वजनिक स्थल पर घुमते हुए पाये जा रहे है उसे नगर निगम भिलाई के आवारा पशु पकड़ने वाले दल द्वारा पकड़कर गौठान में लाकर रखा जा रहा है। इसी तारत्मय में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो के आधार पर आवारा सांड एवं पशुओ को पकड़ करके गौठान में लाया गया।

### देवांगन समाज के ब्लाक अध्यक्ष चुने गए राजेन्द्र

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक देवांगन समाज डौंडीलोहारा का त्रिवार्षिक संगठन चुनाव स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान राजेन्द्र देवांगन डौंडीलोहारा को अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पंच राम देवांगन, शशिकला देवांगन भैंसबोड़, सचिव रमेश कुमार देवांगन कोरगुडा, सह सचिव देवाचन्द देवांगन डेंगरापार, भगवन्त देवांगन डौंडीलोहारा, कोषाध्यक्ष धन्जू राम देवांगन सम्बलपुर चुने गये। साथ ही समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ का भी चुनाव कराया गया। इसमें मुक्ता देवांगन अध्यक्ष डौंडीलोहारा, मधु देवांगन खपरी, कौशिल्या देवांगन डौंडीलोहारा, उसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सेवंत कुमार देवांगन खैरीडीह चुने गए। उक्त चुनाव, चुनाव अधिकारी बीएल देवांगन, वेद लाल देवांगन, सुरेन्द्र कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में प्रजातान्त्रिक पद्धति से सम्पन्न हुआ।

---

कलेक्टर ने शहरी विकास अभिकरण पीएम आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की

# पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें प्रधानमंत्री आवास का निर्माण : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




■ अधिकारियों को दी हिदायत- निर्माणकार्यों की गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में शहरी विकास अभिकरण प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की। इस बैठक का उद्देश्य शहर में आवास योजना की प्रगति का आंकलन करना और आगामी योजनाओं को सुचारु रूप से लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाना था। शर्मा ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य शहरी गरीबों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण आवास प्रदान करना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने योजना के विभिन्न चरणों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कितने घरों का निर्माण किया जा चुका है और कितने अभी निर्माणाधीन हैं। श्री शर्मा ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की कमी होने पर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आवंटियों को समय पर घर सौंपे जाएं, ताकि वे अपने नए घरों में जल्द से जल्द रहना शुरू कर सकें।

#### लाभार्थियों से मुलाकात कर सुनें समस्या व सुझाव

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि लाभार्थियों से मुलाकात करें और उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुनें। उन्होंने कहा जिन लाभार्थियों आवास मिला है और उनकी अगर कोई समस्या है उनका भी समाधान शीघ्र किया जाये और सभी जरूरी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराई जाये।

#### आवास योजना की निगरानी करें

बैठक के अंत में, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की निगरानी करें और समय-समय पर अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस योजना की सफलता से ही शहर के गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों के जीवन में सुधार आएगा। समीक्षा बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर सहित ज़िले के सभी एसडीएम, नगरपालिका अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री रणबीर शर्मा की इस बैठक ने यह सुनिश्चित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

---

# 12वीं में प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों का किया जाएगा सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ ठेठवार यदु समाज के वार्षिक अधिवेशन में लिया गया निर्णय

ठेठवार यदु समाज रांका राज का वार्षिक अधिवेशन रविवार को रखा गया। बैठक की शुरुआत भगवान कृष्ण आरती से की गई। उसके बाद सामाजिक गतिविधियों के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इसमें नये पदाधिकारियों का गठन, सत्र 23 - 2024 बारहवीं में प्रथम मेरिट सूची प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को एक हजार की सम्मान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। गठन की प्रक्रिया में रांका राज के मटका पार और बालसमुंद पार के सामाजिकजनो की उपस्थिति में संरक्षक अंजोरसिंग यदु, भारत यदु, सेतु यदु, जगदीश यदु एवं सलाहकार हीरालाल यदु को चुना गया। अध्यक्ष के रूप में जीतेन्द्र यदु मटका, उपाध्यक्ष, बिसेनारायण यदु किरितपुर, भुनेश्वर यदु केसतरा, बिहारीलाल यदु पिपरभट्ठा,सचिव गोवर्धन यदु ताला, कोषाध्यक्ष भागीरथी यदु बावमोहतरा को नियुक्त किया गया। इस दौरान ईश्वरी यदु, दीनदयाल यदु, गोविंद यदु सचिव नारायण यदु, शत्रुहन महतो, रतिराम यदु, धनीराम यदु, गणेश यदु, बिरजहु यदु, भूरवा यदु ,कोमल यदु भोंदू यदु, जगन यदु,रमेश यदु,शिवकुमार यदु,नकुल यदु,सनत यदु, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बीपी यदु, गौकरण यदु, अनिल, सतीश यदु उपस्थित थे।

---

## बिलासपुर सांसद तोखन बने मंत्री, जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई



**बेमेतरा।** बिलासपुर सांसद तोखन साहू को केंद्र में राज्य मंत्री बनाए जाने पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू , सहित विधायक इंद्र कुमार साहू, विधायक ईश्वर साहू, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरी लाल सिन्हा ने छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। विधायक दीपेश साहू ने सांसद श्री साहू को केंद्र सरकार में मंत्री बनाए पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी एवं भाजपा संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला और बाल विकास विभाग ने किया बालमित्र समूह का गठन




**बेमेतरा।** ग्राम जेवरी में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बालमित्र समूह का गठन किया गया। समूह गठन परियोजना समन्वयक राजेन्द्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सीएचएल-पर्यवेक्षक करिश्मा परवीन एवं केस वर्कर इन्द्राणी मरकाम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य ग्रामीणों को बच्चों के अधिकारों के लिए सक्रिय रहकर देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों की जानकारी प्रदान करना एवं बाल विवाह, बालश्रम, भीक्षावृत्ति, गुमसुदा, बेघर, बेसहारा, बाल तस्कर, अनाथ आदि समस्याग्रसित बच्चों की उचित देखरेख एवं संरक्षण उत्थान तथा पुनर्वास हेतु चिन्हीत बच्चों की जानकारी विभाग को प्रदान करना है, ताकि बच्चों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से ग्राम स्तर के पानठेला, किराना दुकान, फैंसी स्टोर्स, कृषि केन्द्र, कपड़ा दुकान, जनरल स्टोर्स, दरजी, किसान, मजदूर, स्व-सहायता समूह की महिलाएँ, ग्राम-सरपंच, पंचायत सचिव, आ.बा. कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामीण को जानकारी देखर जाकरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच पंचराम ड़ोंडे, सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा डोंडे सचिव प्रेमदास दोहरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसूईया साहू, भगवती साहू, सहायिका मालती गेन्ड्रे उपस्थित थे ।

## श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकियों का हो संहार : डॉ निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा





वैष्णव देवी जा रहे श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले पर अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने घोर आक्रोश जताया है। रायपुर दूधाधारी मठ के महंत डॉ रामसुंदर दास, निर्मोही अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव राजनादगांव के महंत नरेन्द्र दास, थान खम्हरिया के जमात मंदिर के महंत बसंत दास, नवागढ़ के वैष्णव महंत सुरेंद्र दास, भागवताचार्य दानेश्वर दास, बुचीपुर-योगीराज मंदिर के संरक्षक रितेश शर्मा ने उक्त घटना पर घोर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि हमले में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 33 श्रद्धालु गोलियों से घायल होकर जीवन मरण के बीच जूझ रहे हैं। यह विधर्मियों द्वारा सनातन मतावलम्बियों पर प्रहार कर चुनौती दी गई है। वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि आतंक के मंसूबे में पीछे छिपे इंसानी दरिंदगी की हद है। छोटे-छोटे बच्चों तक के शरीर को छलनी करते इनका दिल नहीं पसीजा। स्वतंत्र भारत में ऐसी घटनाओं पर सरकारों को त्वरित कठोरतम सजा आतंकी दरिंदों को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद का अमानवीय चेहरा है।

#### मिलकर करना होगा विरोध

डॉ निर्वाणी ने कहा कि सनातन धर्म के श्रद्धालुओं पर गोली बारी कर उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों को ललकारा है। सरकार, सेना, प्रशासन का दायित्व है कि राष्ट्र विरोधी तत्वों का समूल नाश करें। ऐसी मिसाल खड़ी करें कि कोई सपने में भी ऐसी हरकतों को अंजाम देने के बारे में सोच न सकें। डॉ निर्वाणी ने कहा कि भारत में ऐसी घटनाओं के विरोध में सभी जाती पंथ धर्म के अनुयायियों को विरोध के स्वर बुलंद करना चाहिए। ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आतंकियों को उनकी ही भाषा में सबक सिखाया जाए। महंत नरेंद्र दास ने कहा कि आतताई न भूलें कि हमारे मठ मंदिर के साधु-संत शस्त्र और शास्त्र दोनों में पारंगत हैं और उनका अभ्यास भूले नहीं हैं।

---

## बेरला थाना क्षेत्र में सट्टा कारोबार जोरों पर

### ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण सटोरियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

बेरला थाना क्षेत्र के मुख्यालय सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में इन दिनों क्रिकेट सट्टेबाजी का प्रतिबन्धित कारोबार खूब चल रहा है।

इसमें इन दिनों चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के मैचों में स्कोर-रन से लेकर विकेट व हार-जीत की एक-एक घटनाक्रम पर लाखों रुपये का दांव लगा रहे हैं। फिर भी बेरला पुलिस इस गैरकानूनी गतिविधियों को रोक पाने में नाकाम दिखाई दे रही है। फिलहाल पुलिस की खुफिया तंत्र, मुखबिर व गुप्तचर सूचकों को चकमा देते हुए रोजाना क्षेत्र के सटोरिये प्रति क्रिकेट मैच में लाखों-रुपये के हिसाब से लगातार वारे-न्यारे कर रहे हैं। जबकि स्थानीय बेरला पुलिस को कानों-कान खबर भी नहीं है।

सूत्रों की मानें, तो क्षेत्र में स्टोरियों का काफी पुराना नेटवर्क है, जो ऑनलाइन व हाइटेक माध्यमों से सट्टेबाजी कर क्षेत्र की सामाजिक वातावरण बिगाड़ रहे हैं। आलम यह है कि इस काले करतूत के जाल में फंसकर कई युवा अपना सुनहरा भविष्य खराब कर रहे है एवं सट्टेबाजी से कई परिवार भी बर्बाद हो रहे है।

इसके बावजूद बेरला पुलिस द्वारा सट्टेबाजी के मामले में गम्भीरता से कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। लिहाजा पुलिस की यह निरंकुश व निष्क्रिय कार्यशैली क्षेत्र के हाईप्रोफाइल सटोरियों के लिए संरक्षण का कार्य कर रहा है। वहीं, इस गतिविधि से आमजनता में काफी आक्रोश पनपने लगा है, जो इस गैरकानूनी खेल के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इस सम्बंध में ग्रामीण लोगों का कहना है कि पुलिस व सटोरियों के बीच परदे के पीछे सांठगांठ होता है, जिसके कारण शिकायत होने पर ही औपचारिक कार्यवाही कर छोड़ दी जाती है। उसके बाद बाहर निकलकर सटोरिये पुनः अपना कारोबार व नेटवर्क सम्भालना शुरू कर देते हैं। वास्तव में देखा जाए तो बेरला क्षेत्र काफी समय से सट्टेबाजी का एक बड़ा अड्डा व गढ़ बना हुआ है, जिसमें पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे अंको के प्रतिबन्धित दांवबाजी, क्रिकेट व अन्य सट्टेबाजी निरन्तर दिन-दूना रात-चौगुना स्थिति में प्रगति करता रहता है किन्तु पुलिस प्रशासन कोई जिम्मेदारी के साथ जवाबदारी नहीं निभाती है। ज्ञात हो कि पूर्व के बेरला में चुनाव रिजल्ट हार-जीत के आंकड़ों से सम्बन्धित सट्टेबाजी को लेकर भी काफी चर्चा का बाजार गर्म था, किन्तु पुलिस को इसकी कोई सुराग भी नहीं मिल पाई, जो कि चिंता का विषय है।

## आदिवासी गोड़वाना सेवा समिति परिक्षेत्र करेंझर के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

■ रविवार को कंकालिन मंदिर परिसर में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

रविवार को कंकालिन मंदिर परिसर में आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति परिक्षेत्र करेंझर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह का आयोजन किया गया।

आदिवासी समाज ने बाबा भोलेनाथ की विधी विधान से पूजा के बाद समाज का ध्वज फहराया। उसके बाद गोंडवाना गोंड़ महासभा के मुख्य पुजारी दुष्यंत गोटी खैरवाही(बालोद) एवं सुखे मंडावी खैरबना (गायता) के मार्ग दर्शन में पूजा की। शपथग्रहण समारोह में गोंडवाना गोंड़ महासभा बालोद अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने अध्यक्ष मेघनाथ सलाम पेटेचुवा, उपाध्यक्ष मानसिह पोया कंकालिन हीरामन कुंजाम जगतरा, कोषाध्यक्ष धनीराम धुव मुस्केरा, सचिव नवल सिह धुव करेंझर, सहसचिव रामरतन सेवता नैकुरा, आडिटर दीपक सलाम ओनाकोना, परमेश्वर सिन्द्राम गोटाटोला, संरक्षक बलराम गोटी, नरोत्तम लाल धुव करेंझर, भुनेश्वर गंगवंशी करेंझर, अध्यक्ष महिला प्रभार सविता कुंजाम करेंझर, उपाध्यक्ष गीता गावडे पेटेचुवा, बैसाखिन नेताम गोटाटोला, सचिव महिला प्रभार नंदनी मरकाम ओनाकोना, सहसचिव प्रीति गोटा नगबेलडीह, अध्यक्ष युवा प्रभार कृष्णा कुरैटी मुस्केरा को शपथ दिलाई।

परिक्षेत्र की ओर से सभी अतिथियों का पीला चावल एवं फेंटा भेंट कर सम्मानित किया गया। पेटेचुवा के टेकाम परिवार के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। करेंझर परिक्षेत्र के 9 गांव में सबसे बुजुर्ग रामजी कुंजाम गोटाटोला का अतिथियों ने सम्मान किया। परिक्षेत्र के युवाओं ने घोटूल युवा शिक्षा केन्द्र खोलने एवं भवन की मांग की। जिला उपाध्यक्ष नेमसिंह उइके, गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष दिलीप मंडावी, बालोद तहसील अध्यक्ष फरिन्ता उइके, युवा प्रभार अध्यक्ष नागेश्वर सलाम, गुरुर तहसील उपाध्यक्ष एच के कुंजाम अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में पेटेचुवा, कंकालिन, गोटाटोला, नगबेलडीह, करेंझर, अलोरी, ओनाकोना, मुस्केरा एवं नैकुरा के ग्रामीण उपस्थित थे।

#### उन्नति के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक : प्रेमलाल

मुख्य अतिथि अध्यक्ष छग गोंडवाना गोंड़ महासभा प्रेमलाल कुंजाम ने कहा कि जब तक समाज के लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक समाज आगे नहीं बढेगा। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक बच्चों को अध्यापन कराते हैं, तो दोनों की नजर एक साथ मिलती है, तब ही सफल हो पाते हैं। समाज को आगे बढाने के लिए संविधान बनाया जाता है। समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए उसमें समय के साथ संशोधन किया जाता है। बालोद जिले में पारंपरिक गोंड़ सभी गोंड़ एक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को सेवा दल से जोड़कर विकास की ओर अग्रसर करना है। आज करेंझर परिक्षेत्र के सभी महिलाएं, पुरुष, बच्चे जंगल से पत्ता तोड़कर लाए और पत्तरी बनाकर बेचे, उसे पूरा आदिवासी गोंडवाना गोंड़ महासभा बालोद खरीदेगा।

### दंपती से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** घर से गुल्लक लेकर निकले युवक के घर पतासाजी करने पहुंचे पति पत्नी के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 16 की है। अजय दास मानिकपुरी ने बताया कि वह कपड़ा बेचने का काम करता है। 9 जून को रात्रि करीबन 9:20 बजे मामा का लडका घर से निकलकर गया।

---

### नवागढ़ के कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, बांटी मिठाई

# तोखन को मिली मोदी कैबिनेट में जगह, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह साथ नवागढ़ के भाजपाइयों ने जश्न मनाया। वहीं, नवागढ़ बस स्टैंड पर भाजपा नेताओं ने विधानसभा चुनाव में नवागढ़ के प्रभारी रहे बिलासपुर सांसद तोखन साहू को केंद्रीय मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने की खुशी में जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते नजर आए। भाजपा नेताओं ने आमजन को शर्बत वितरण भी किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां जमकर नारे भी लगाए। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लाख प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार पीएम की शपथ ली। विकसित भारत के संकल्प का जो सपना है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण होगा और देश प्रगति की ओर बढ़ेगा। देश का वैभव पूरे विश्व में स्थापित होगा। इस अवसर पर पार्षद टीकम गोस्वामी, छल्ली श्रीवास, रमेश निषाद, राजेश चतुर्वेदी, संजय साहू, रमणीक गुप्ता, उमेश वैष्णव, शिव सोनकर, ताम्रध्वज साहू,पृथ्वीराज सिंह, कमल साहू, बिसाहू राम साहू, हेमा यादव, गणेश साहू, टिकेंद्र पाल, कुलदीप प्रजापति, सुरेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### नवागढ़ से तोखन साहू का विशेष स्नेह

मिंटू बिसेन ने कहा कि तोखन साहू को मोदी मंत्रीमंडल में चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का धन्यवाद किया। बिसेन ने कहा कि हमे उम्मीद है कि आने वाले समय में तोखन साहू छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए करेंगे। विधानसभा प्रभारी के रूप में उनका नवागढ़ से विशेष स्नेह रहा है, जिसका लाभ नवागढ़ को मिलेगा।

#### साहू समाज में हर्ष, पीएम मोदी के साथ मिलकर करेंगे छत्तीसगढ़ का विकास

भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विनोद साहू ने कहा कि साधारण किसान परिवार से आने वाले तोखन साहू का केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना पूरे साहू समाज के लिए खुशी की बात है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तोखन साहू विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे, देश और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।



Ajay 9424201700